प्रेषक,

कुलदीप कुमार रस्तोगी,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 **लखनऊ: दिनांक** 15 **जून, 202**1

विषयः-वित्तीय वर्ष 2021-22 **में के0जी0एम0यू0, उ0प्र0, लखनऊ हेतु गैर वेतन मद के आवश्यक व्ययों के वहन हेतु धनराशि अवमुक्त किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक चिकित्सा विश्वविद्यालय पत्रांक-486/**लेखा/**21 **दिनांक** 19.05.2021 **का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा के0जी0एम0यू0, उ0प्र0, लखनऊ हेतु वित्तीय वर्ष** 2021-22 **में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत मानक मद** 20-**सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष द्वितीय किश्त की धनराशि अवमुक्त् किये जाने का अनुरोध किया गया है।**

2- **उल्लेखनीय है कि शासनादेश संख्या-**47/2021/**71-2-2**1-02/2018 **टीसी-**1 **दिनांक** 08.04.2021 **द्वारा के0जी0एम0यू0, उ0प्र0, लखनऊ हेतु वित्तीय वर्ष** 2021-22 **में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत मानक मद** 20-**सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में धनराशि रू**0 3000.00 **लाख अवमुक्त निर्गत किये जाने के आदेश किये गये है।**

3- **उक्त के क्रम में सम्यक विचारोंपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि के0जी0एम0यू0 हेतु चालू वित्तीय वर्ष** 2021-22 **में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत राजस्व पक्ष के मानक मद '**20-**सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन)' में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष द्वितीय किश्त की धनराशि रू**0 3000.00 **लाख (रूपये तीस करोड़ मात्र) अवमुक्त करते हुए निवर्तन पर रखे जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-**

1- **स्वीकृत धनराशि का उपयोग निर्धारित मदों में सुसंगत नियमों के अधीन किया जाएगा।**
2- **स्वीकृत धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकतानुसार किया जाएगा तथा इसे आहरित कर डाकघर/बैंक में नहीं रखी जायेगी।**
3- **स्वीकृत धनराशि का व्यय नियमानुसार किया जायेगा तथा इसका उपयोग उसी मद में किया जायेगा, जिसके लिए यह धनराशि स्वीकृत की जा रही है। किसी अन्य मद में व्यय वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।**
4- **संस्था प्रमुख एवं संबंधित वित्त अधिकारी द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि विगत वर्ष की कोई अप्रयुक्त धनराशि अवशेष है तो उसका समायोजन किया जा चुका है।**
5- **वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-**1-375/**दस-**2021-231/2021**, दिनांक** 22**.03.2021 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।**

1- **यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।**
2- **इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट** http://shasanadesh.up.gov.in **से सत्यापित की जा सकती है ।**

6- स्वीकृत धनराशि का व्यय विवरण निर्धारित प्रारूप पर शासन को उपलब्ध कराया जायेगा, इसके अभाव में अनुदान की आगामी किश्त निर्गत किया जाना सम्भव नहीं होगा।

4- धनराशि को कोषागार से सम्बन्धित संस्थान/चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा आहरित किया जायेगा तथा बिलों पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे।

5- प्रश्नगत अवमुक्त धनराशि रू0 3000.00 लाख चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के अनुदान संख्या-031-चिकित्सा विभाग (चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण) के राजस्व लेखा के लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, 05-चिकित्सा शिक्षा-प्रशिक्षण तथा अनुसंधान, 105-एलोपैथी, 03-शिक्षा, 0366-किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश 20-सहायता अनुदान-समान्य (गैर वेतन)" के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3-198/दस-2021-2022, दिनांक 11.06.2021 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(कुलदीप कुमार रस्तोगी)
संयुक्त सचिव।

संख्या- उपरोक्तानुसार-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. मुख्य कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट लखनऊ।
4. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
5. नोडल अधिकारी, बजट आंवटन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. वित्त अधिकारी, के0जी0एम0यू0, उ0प्र0 लखनऊ।
7. वित्त ई-3/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(कुलदीप कुमार रस्तोगी)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

Filename: 63
Directory: C:\Users\me-2\Documents
Template: C:\Users\me-2\AppData\Roaming\Microsoft\Templates\Normal.dotm
Title:
Subject:
Author: ajai
Keywords:
Comments:
Creation Date: 6/15/2021 11:52:00 AM
Change Number: 2
Last Saved On: 6/15/2021 11:52:00 AM
Last Saved By: me-2
Total Editing Time: 1 Minute
Last Printed On: 6/15/2021 11:52:00 AM
As of Last Complete Printing
Number of Pages: 2
Number of Words: 580 (approx.)
Number of Characters: 3,308 (approx.)